__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh
Date- Class- VI
Subject- Hindi Language Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद भाग-6
विलोम शब्द - (अच्छा से अस्ताचल तक)

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य पुस्तक 'आमोद-6' के पृष्ठ - 97 पर दिया गया है। यह पाठ आपको को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'विलोम शब्द' पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपनी हिन्दी व्याकरण की पुस्तक आमोद-6 का पृष्ठ-97 निकाल लें और अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको 'विलोम शब्दों' के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

(क) हमारी अध्यापिका कहती हैं कि सदा सबसे प्रेम करो घृणा नहीं।
(ख) मैं वीर बनूँगा, कायर नहीं।
(ग) हाँ ! हमें सबको अपना मानना चाहिए पराया नहीं।

बच्चो ! अब इन तीनों वाक्यों को ध्यान से देखो इनमें हर वाक्य में रेखांकित शब्दों के युगल एक दूसरे के विपरीत अर्थ दर्शा रहे हैं। यही विलोम शब्द हैं। जैसे :- (क) वाक्य में प्रेम का विलोम शब्द घृणा है।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date -  Class - VI
Subject - Hindi Language  Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

(ख) वाक्य में वीर का विलोम शब्द कायर है।
(ग) वाक्य में अपना का विलोम शब्द पराया है।
इस प्रकार बच्चो !
किसी शब्द का विपरीत या उलटा अर्थ देने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं
बच्चो ! मैंने आपको विलोम शब्द समझा दिए हैं। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न दूँगी, अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।
बच्चो ! अब आप निम्नलिखित वाक्यों में सही विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें।
(क) परिश्रमी व्यक्ति सदैव तरक्की करता है, जबकि ........ व्यक्ति असफल होता है।
(ख) व्यापारी, व्यापार में लाभ - ........ का बहुत ध्यान रखते हैं।
(ग) राधा ने परीक्षा में प्रथम आने के लिए आकाश - ........ एक कर दिया।
अब आपका समय समाप्त हो गया है अब मैं आपको इन रिक्त स्थानों के उत्तर बताऊँगी।
(क) आलसी
(ख) हानि
(ग) पाताल
प्यारे बच्चो ! अब हम हिन्दी व्याकरण की पुस्तक 'आमोद - 6' के पृष्ठ - 17 पर आए 'विलोम शब्द' 'अच्छा से अस्ताचल' तक करेंगे। आप इन्हें ध्यान से सुनेंगे एवं समझेंगे।

Scanned with CamScanner

Date-  Class- VI

Subject- Hindi Language  Page- 3

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

| | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| 1. | अच्छा | बुरा |
| 2. | अकाल | सुकाल |
| 3. | अग्रज | अनुज |
| 4. | अचल | चल |
| 5. | अनंत | अंत |
| 6. | अथ | इति |
| 7. | अनुकूल | प्रतिकूल |
| 8. | अनुलोम | विलोम |
| 9. | अपेक्षा | उपेक्षा |
| 10. | अल्प | अधिक |
| 11. | अनाथ | सनाथ |
| 12. | अंतरंग | बहिरंग |
| 13. | अपेक्षित | अनपेक्षित |
| 14. | असली | नकली |
| 15. | अस्त | उदय |
| 16. | अंकुश | निरंकुश |
| 17. | अक्रूर | क्रूर |
| 18. | अग्रिम | अंतिम |
| 19. | सजल | निर्जल |
| 20. | अति | अल्प |
| 21. | अतुकांत | तुकांत |
| 22. | अनित्य | नित्य |
| 23. | अमृत | विष |
| 24. | अपकार | उपकार |
| 25. | अधम | उत्तम |

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date -                                   Class - VI
Subject - Hindi Language                 Page - 4
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 26. | अदेय | देय |
| 27. | अल्पकालीन | दीर्घकालीन |
| 28. | अल्पायु | दीर्घायु |
| 29. | अपकार | उपकार |
| 30. | अस्ताचल | उदयाचल |

बच्चो ! मैंने आपको सारे 'विलोम शब्द' समझा दिए हैं। आशा है आपको यह समझ आ गए होंगे। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य

- बच्चो ! आप ऊपर कराए गए सभी विलोम शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।
- आप इन विलोम शब्दों को याद भी करेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner